टॉमहॉक क्रूज़ मिसाइल

टॉमहॉक क्रूज़ मिसाइल

सीरिया में विद्रोहियों के कब्ज़े वाले इदलिब शहर पर सीरियाई सरकार द्वारा किये गए कथित रासायनिक हमले में लगभग 80 नागरिकों की मृत्यु होने के बाद अमेरिका ने प्रत्युत्तर में सीरियाई एअर बेस 'अल–शायरात' पर 59 टॉमहॉक मिसाइलें दाग कर भारी नुकसान पहुँचाया।

टॉमहॉक क्रूज़ मिसाइल

- नेटिव अमेरिकन लोगों द्वारा प्रयोग की जाने वाली कुल्हाड़ी के नाम पर इस मिसाइल का नाम टॉमहॉक रखा गया है।
- सुरक्षित दूरी से हमला करने वाली अत्याधुनिक गाइडेड मिसाइल प्रणाली है।

प्रमुख विशेषताएँ

- सभी मौसमों में प्रयोग करने में सक्षम यह मिसाइल बहुत कम ऊँचाई पर सतह के समानान्तर उड़ान भरती है। अतः राडार की पकड़ में नहीं आती।
- यह सबसोनिक यानी ध्वनि की गति से कम पर चलने वाली क्रूज़ मिसाइल है।
- मिसाइल के विभिन्न संस्करणों की मारक क्षमता 1250 किमी. से लेकर 2500 किमी. तक है।
- मिसाइल द्वारा 1000 पाउंड वज़न के पारम्परिक व परमाणु हथियार ले जाए जा सकते हैं।
- मिसाइल 'टेरेन कंटूर मैचिंग' (TERCOM) और 'डिजिटल सीन मैचिंग एंड एरिया को–रिलेशन' (DSMC) प्रणाली से लैस है। ऐसे में जीपीएस नेवीगेशन की अनुपलब्धता की स्थिति में भी यह लक्ष्य को सटीकता से भेद सकती है।
- टॉमहॉक ब्लॉक–IV मिसाइल का उन्नत संस्करण है, जिसमें दो तरफा सैटेलाइट संचार की व्यवस्था है। इससे उड़ान पथ में ही मिसाइल को नए लक्ष्य या मिशन के निर्देश दिये जा सकते हैं।

टॉमहॉक मिसाइल



लम्बाई **20** फीट लगभग

वज़न **1587.6** किग्रा. बूस्टर के साथ

गति **880** किमी. प्रति घंटा

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tomahawk-cruise-missile